# पांच नंबर स्थित जवाहर बाल भवन तालाब को प्राकृतिक रूप से उपचारित कर प्रदूषण मुक्त बनाया जाए :हरेन्द्र

## पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ.योगेन्द्र सक्सेना के साथ तालाब का निरीक्षण कर दिए निर्देश



**भोपाल ( काप्र )।** निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने 05 नंबर स्थित जवाहर बाल भवन तालाब को प्रदूषण मुक्त कर पर्यावरण संरक्षित करने के लिए भोपाल के प्रसिद्ध पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ.योगेन्द्र सक्सेना के साथ निरीक्षण किया और तालाब को प्रदूषण मुक्त रखने के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की और इस तालाब के पानी को बॉयो फिल्टर, फ्लोटिंग वेटलैंड तकनीक के माध्यम से उपचारित कर तालाब का शुद्धिकरण किया जाएगा।

पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में लेकर इस तालाब को प्रदूषण मुक्त बनाने के बाद शहर के अन्य तालाबों को भी इसी तकनीक के आधार पर प्रदूषण मुक्त बनाया जाएगा और स्वच्छ भारत मिशन में इस नवाचार की महती भूमिका होगी। निगम आयुक्त श्री नारायन ने तालाब के पानी को प्राकृतिक रूप से उपचारित कर पर्यावरण संरक्षित करने के लिए कार्य योजना को मूर्तरूप देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने रविवार को 05 नंबर स्थित जवाहर बाल भवन तालाब का भोपाल के प्रसिद्ध पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ.योगेन्द्र सक्सेना के साथ निरीक्षण कर तालाब को प्रदूषण मुक्त कर पर्यावरण संरक्षित करने के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की। निगम आयुक्त श्री नारायन ने 05 नंबर स्थित जवाहर बाल भवन तालाब के पानी को प्राकृतिक रूप से उपचारित कर तालाब को पर्यावरण संरक्षित करने के लिए कार्य योजना बनाकर इसे मूर्तरूप देने के निर्देश दिए। डॉ.योगेन्द्र सक्सेना ने जल संरचनाओं के पानी को प्राकृतिक रूप से उपचारित करने हेतु बॉयो फिल्टर, फ्लोटिंग वेटलैंड तकनीक के संबंध में जानकारी दी। डॉ. सक्सेना ने बताया कि इस तकनीक के माध्यम से बी.ओ.डी, सी.ओ.डी फास्फेट, नाईट्रेट एवं अन्य पैरामीटर का 70 से 80 प्रतिशत रिडेक्शन किया जाएगा और तालाब का शुद्धिकरण किया जाएगा। तालाबों के शहर भोपाल में जवाहर बाल भवन तालाब में नवाचार कर सफ्लतापूर्वक क्रियान्वित होने पर शहर के अन्य तालाबों का भी बॉयोलाजिकल तरीके से शुद्धिकरण किया जाएगा और स्वच्छ भारत मिशन में इस नवाचार की महती भूमिका होगी।

# सिगरेट उधार न देने पर युवक ने दुकानदार पर किया छुरी से हमला

**भोपाल( काप्र )।** टीला जमालपुरा इलाके में सिगरट उधार नहीं देने से गुस्साए युवक ने दुकानदार के साथ जमकर मारपीट करते हुए छुरी से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार बैरसिया रोड स्थित काजीकैंप में रहने वाला अजहर (24) पान की दुकान चलाता है। देर रात वह दुकान पर था उसी दौरान शाहजेब नामक युवक दुकान पर आया और उधारी में सिगरेट मांगने लगा। जब अजहर ने उधारी देने से इंकार किया तब आरोपी उसे देने लगा। अजहर ने जब उसका विरोध किया तब शाहजेब ने उसके साथ मारपीट करते हुए छुरी से वार कर दिया।

धारदार हथियार के वार से फरियादी के हाथ की उंगलियों में गंभीर चोंट आई है। आसपास के लोगों के बीच-बचाव करने पर आरोपी वहॉ से धमकी देते हुए भाग गए। बाद में थाने पहुंचे फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**पूजा पाठ के दौरान झूलसे व्यक्ति की दो माह बाद मौत :** परवलिया सड़क थाना इलाके में हवन के दौरान आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलसे व्यक्ति की इलाज के दौरान दो माह बाद मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक परवलिया सड़क इलाके में रहने वाले 66 वर्षीय कैलाश पाटीदार खेती-किसानी के साथ ही पत्रकारिता से जुड़ें थे। बीती 23 मार्च को उनके घर पर पूजन था, पूजा के दौरान हवन में आहूती देते समय अचानक आग भभकने से वे आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए थे। परिजनो ने पहले उन्हें चूनाभट्टी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, वहां एक महीने चले इलाज के बाद उनके स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार होने पर परिजन एम्स में उनका इलाज करा रहे थे। वहां इलाज के दौरान बीते दिन उनकी तबीयत अधिक बिगड़ने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनो को सौंप दिया है।

**मदिंर जा रही विवाहिता को डंपर से कुचला, मौत :** ईंटखेड़ी इलाके में डंपर की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक डंपर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया, जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम राताताल ईटखेड़ी में रहने वाली 38 वर्षीय मुन्नीबाई कुशवाहा गृहणी थी। शनिवार शाम करीब 4 बजे वह मंदिर जाने के लिए घर से निकली थी। सड़क पार करते समय तेज रफ्तार से आ रहे डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। आसपास मौजूद लोगों ने मुन्नीबाई को इलाज के लिए फौरन ही पास में स्थित निजी अस्पताल पहुंचाय, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनो को सौंपते हुए चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# नगर निगम में कार्यरत दैनिक वेतन भोगियों के बनेंगे आयुष्मान कार्ड

**भोपाल (काप्र)**

नगर निगम प्रशासन ने निगम में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था की है। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के आयुष्मान कार्ड जोन स्तर पर बनाने हेतु आदेश एवं कार्यक्रम जारी किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय की दो टीमें सोमवार, 20 मई से 01 जून तक पृथक-पृथक जोन कार्यालय में जोन, वार्ड एवं विभिन्न शाखाओं में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के आयुष्मान कार्ड बनायेंगी। आयुष्मान कार्ड बनाने संबंधी कार्य हेतु सहायक आयुक्त आर.डी.शर्मा को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री शर्मा दोनों टीमों से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही की मॉरीटरिंग करेंगे। सी.एम.एच.ओ की टीम 01 के समन्वयक मोहित श्रीवास्तव तथा टीम नंबर 02 के समन्वयक सिद्धार्थ पांडे रहेंगे।

इसके अतिरिक्त निगम के जोनल अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय की टीमों से आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और निर्धारित तिथि के बाद सी.एम.एच.ओ द्वारा दी गई आई.डी का उपयोग कर शेष कर्मचारियों के आयुष्मान कार्ड बनायेंगे।


# युवाओं को नशा न करने का दिलाएंगे संकल्प

**भोपाल ( काप्र )।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर 23 मई को गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में घर घर गायत्री यज्ञ की योजना बनाई गई है। जिसमें 11हजार ऐसे घरों व सार्वजनिक स्थानों पर यज्ञ किया जाएगा, जहां पहले यह नहीं किया गया। कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम रूप में हैं। वहीं इस मौके पर युवाओं को नशा न करने का संकल्प दिलाया जाएगा। जागरूकता के लिए टोलियां घर-घर जाकर प्रचार सामग्री बांट रही है।

गायत्री परिवार के वरिष्ठ पदाधिकारी रमेश नागर ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार स्थित मुख्यालय के निर्देश पर संस्था के प्रत्येक चेतना केंद्र को एक-एक हजार नए स्थानों पर यज्ञ कराने के साथ ही इन प्रत्येक स्थानों पर यजमानों से एक एक पौधा लगवाने का लक्ष्य दिया गया है। ताकि इस अवधि में 11 हजार पौधे भी लगाए जा सकें। इसके अलावा इस मौके पर गायत्री परिवार लोगों को नशा न करने का संकल्प भी दिलवाएगा। परिवार लोगों को नशा न करने का संकल्प भी दिलवाएगा।

# संस्कार के समर कैम्प के बच्चों ने सुदर्शन चक्र में की घुड़सवारी

**भोपाल ( हिनप्र )।** दीपमाला पागारानी संस्कार स्कूल के समर कैंप में स्पोर्ट्स में हिस्सा ले रहे प्रतिभागियों ने सुदर्शन चक्र में घुड़सवारी की। बच्चों को सैन्य क्षेत्र में ले जाया गया।



द्रोणाचल आर्मी के कर्नल नितीश पासी, एवं सुन्दरलाल अहिरवार के मार्गदर्शन में घुड़सवारी कराई गई। लेफ्टिनेंट कर्नल प्रेम पीयुष, मेजर पंकज चौहान, आफीसर इंचार्ज राइडिंग क्लब, सब मेजर दिनेश कुमार यादव, नायाब सुबेदार पी.के. झा, जेसीओ इंचार्ज राइडिंग क्लब, हवलदार अहिरवार वरिष्ठ प्रशिक्षक राइडिंग क्लब और उनकी पूरी टीम कुमार अभिषेक, गौतम कुमार, संतोष कुमारएस मंडल के सहयोग से यह गतिविधि कराई गई। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, कर्नल नारायण पारवानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम को भी घुड़सवारी करवाई गई। संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि विद्यालय हमेशा बच्चों के मानसिक विकास के साथ-साथ शारिरिक विकास की ओर भी ध्यान देता रहता है जिस कारण समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को शिक्षा को तो 10 महीने देते है बाकी जो ग्रीष्मकालीन अवकाश का समय है वह भी विद्यालय हमेशा बच्चों के व्यक्तित्व विकास एवं शारिरिक विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का अयोजन करके समय का सदुपयोग करता है।

# अनिल माधव ने मां नर्मदा के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किएः डॉ. यादव

**भोपाल ( काप्र )।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अनिल माधव दवे की रविवार को पुण्यतिथि थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दवे के निवास पहुंचे। जहां उन्होंने अनिल माधव को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री ने मां नर्मदा के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किए थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनिल माधव दवे की पुण्यतिथि पर भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया। सीएम मोहन यादव स्व अनिल दवे के निवास 'नदी के घर' पर पहुंचे। जहां उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अनिल माधव के सपनों को साकार करेंगे।नर्मदा समग्र अभियान को आगे बढ़ाएंगे, उनके विचारों पर आगे बढ़ने का पूरा प्रयास किया जाएगा। सीएम ने कहा कि स्वर्गीय दवे एक ऐसे राजनेता थे जिन्होंने पर्यावरण और जीवन के संतुलन को समझाया। प्रचारक के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री रहते हुए मां नर्मदा के संरक्षण के लिए कई अभूतपूर्व काम किए। पर्यावरण के साथ मां नर्मदा के लिए उनका अटूट प्रेम रहा। 18 मई 2017 को दिल का दौरा पडने से अनिल माधव का निधन हो गया था। वे भारतीय पर्यावरणविद् और राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने जुलाई 2016 से मई 2017 में अपनी मृत्यु तक नरेंद्र मोदी मंत्रालय में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया।

# पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### उद्योगपतियों के खिलाफ...

आता है। मोदी इनके ठिकानों से लूट के पैसे निकलवा रहा है। ये गरीबों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और आपके बच्चों के हक का पैसा है। उन्होंने कहा कि यह उनकी गारंटी है कि जिन लोगों से ये पैसे लूटे गए हैं, उन्हें वापस कराएंगे। इसके लिए सरकार कानूनी रास्ते तलाश रही है। राहुल गांधी और सोनिया गांधी का नाम लिए बगैर प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग संसद की सीट का भी वसीयतनामा लिख रहे हैं। शहजादे वायनाड से भागकर रायबरेली पहुंचे और कह रहे हैं कि यह मेरी मम्मी की सीट है। उनकी माता कह रही हैं कि वह अपने बेटे को रायबरेली सौंप रही हैं। क्या इन्हें रायबरेली के लिए 50-60 साल से सेवा करने वाला एक भी कार्यकर्ता नहीं मिला? प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार की जननी बताते हुए कहा कि उन्होंने अनगिनत घोटालों में रिकॉर्ड बनाए, उनकी सहयोगी आरजेडी ने नौकरी के बदले गरीबों से उनकी जमीनें लिखवा ली और झामुमो ने उनसे यही चरित्र सीखा। झामुमो ने झारखंड में जमीन घोटाला किया, गरीब आदिवासियों की जमीनें हड़पीं और सेना की जमीन हड़पने की कोशिश की। इन्हें विकास का क ख ग घ भी मालूम नहीं। उन्होंने कहा कि मैं गरीबों का दर्द जानता हूं और उनके लिए 10 साल से निरंतर लगा हूं। हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है, 52 करोड़ लोगों के जन-धन खाते खुलवाए, चार करोड़ लोगों को पक्का मकान दिया है।

### अपने परिवार के...

समाप्त नहीं किया। जब तब संसद में भाजपा का एक भी सांसद है, तब तक एससी-एसटी-ओबीसी के आरक्षण को कोई हाथ भी नहीं लगा सकता। अमित शाह ने कहा कि लालू यादव कहते हैं कि मुसलमानों को शत प्रतिशत आरक्षण देना चाहिए। लालू जी, किसका आरक्षण काट कर दोगे? दलितों का, आदिवासियों का या पिछड़ा समाज का आरक्षण काट कर दोगे, स्पष्ट करो। जब देश में एक मजबूत सरकार होती है तो क्या होता है- पहले कश्मीर में पथराव होता था, आज पीओके में पथराव हो रहा है। पहले आजादी के नारे यहां लगते थे, आज पीओके में लगते हैं। पहले यहां हड़तालें होती थीं, आज पाकिस्तान में हड़तालें होती हैं। आज करोड़ों टूरिस्ट कश्मीर जा रहे हैं और पाकिस्तान में रोज आटे का भाव आसमान को छू रहा है। पाकिस्तान के पास खाने को आटा नहीं है और यहां मोदी सरकार हर गरीब को मुफ्त राशन दे रही है। लालू यादव से सवाल पूछते हुए शाह ने कहा कि मैं आज लालू यादव को पूछना चाहता हूं कि 10 साल तक सोनिया-मनमोहन की सरकार चली, लालू जी मंत्री थे। कितना रुपया बिहार को दिया? सिर्फ 2 लाख 80 हजार करोड़,जबकि मोदी जी ने 10 साल में 14 लाख 80 हजार करोड़ रुपया बिहार को दिया है। पीओके के मुद्दे को उठाते हुए अमित शाह ने कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधा।

### राहुल-अखिलेश की...

आ रहे हैं। वहीं मुंगारी में की संयुक्त रैली, दोनों नेताओं ने भाजपा पर साधा निशाना इंडिया गठबंधन के नेताओं अखिलेश यादव और राहुल गांधी ने प्रयागराज सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में मुंगारी गांव में एक संयुक्त रैली को संबोधित किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने जनता से कहा, यह चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है, लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। जिस तरह संविधान मंथन हुआ था, एक तरफ वो लोग हैं जो संविधान खत्म करना चाहते हैं एक तरफ हम लोग हैं जो संविधान बचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, अभी तक किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई है। दस साल की सरकार में एक लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं। किसानों की आवाज दबाने के लिए क्या-क्या नहीं किया। अखिलेश ने कहा कि गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा, भाजपा वाले हमारी जान और संविधान के पीछे पड़े हैं। ये वैक्सीन लगाकर हमारी जान के पीछे पड़े हैं। यादव ने कहा, इन भाजपा वालों ने सभी प्रश्नपत्र लीक करा दिए और सभी प्रतियोगी परीक्षाएं रद्द करा दीं। इन्होंने नौजवानों का भविष्य अंधकार में डाल दिया। हम आपको सम्मानजनक नौकरी का भरोसा दिलाते हैं। अखिलेश ने कहा, गठबंधन की सरकार आने पर अग्निवीर व्यवस्था हमेशा-हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी।

### ईरान राष्ट्रपति रईसी...

इब्राहिम रईसी और कई अधिकारियों को ले जा रहा हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद अभी तक नहीं मिला। राष्ट्रपति के स्वास्थ्य को लेकर भी अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है । उन्होंने आगे कहा कि रिवोल्यूशनरी गार्ड, सेना और रेड क्रिसेंट दुर्घटना स्थल तक पहुंचने की कोशिश कर रही है । ईरानी सांसद ने बताया कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का हेलीकॉप्टर पूर्वी अजरबैजान प्रांत के आसपास के जंगलों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जो तबरीज से 106 किलोमीटर दूर है । हेलीकॉप्टर में सवार लोगों से फिलहाल कोई संपर्क नहीं हो पाया है। ईरानी टीवी चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक उनके देश के आंतरिक मंत्री अहमद वाहिदी ने कहा कि राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी हेलीकॉप्टर पर सवार होकर जा रहे थे, खराब मौसम और कोहरे के कारण उनके साथ निकले हेलीकॉप्टरों में से एक हेलीकॉप्टर जिसमें राष्ट्रपति सवार थे, उसकी हार्ड लैंडिंग करनी पड़ी। बचाव दल हादसे वाली जगह पर जाने की कोशिश में जुटे हुए हैं, लेकिन खराब मौसम और कोहरे की वजह से उन्हें हेलीकॉप्टर तक पहुंचने में समय लग सकता है । न्यूज़ एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि वह ईरानी राष्ट्रपति और विदेश मंत्री को ले जा रहे एक हेलीकॉप्टर की हार्ड लैंडिंग की रिपोर्टों पर बारीकी से नजर रख रहा है ।

### चंबल में हीटवेव...

आईएमडी के मुताबिक प्रदेश के मुरैना, ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवारी और गुना में हीटवेव चलने के आसार हैं। इसके अलावा प्रदेश के 12 जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। ऐसे में 19 और 20 मई को बुरहानपुर, खंडवा, बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, जबलपुर, नरसिंहपुर, दमोह, सागर और नर्मदापुरम (होशंगाबाद) में बारिश होने की आसार हैं। इस दौरान तेज हवाऐं भी चलेंगी। प्रदेश के अधिकतर इलाकों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार को दतिया में अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस, ग्वालियर में अधिकतम तापमान 45 डिग्री, खजुराहो में 44 डिग्री, गुना में 43.8 डिग्री सेल्सियस, रतलाम में 44 डिग्री, नोगांव में 44.5 डिग्री सेल्सियस, टीकमगढ़ में 42.8 डिग्री, सीधी में 42 डिग्री, सागर में 42 डिग्री, सतना में 42.6 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

### कश्मीर में दो जगह...

गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने कहा कि हमला अनंतनाग के पहलगाम के यन्नार में हुआ। पुलिस ने एक्स पर कहा कि आतंकवादियों ने अनंतनाग के यन्नार जयपुर निवासी फरहा और उसके पति तबरेज पर गोलियां चलायीं और उन्हें घायल कर दिया। घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। हमलावरों का पता लगाने के लिए तलाश शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि उत्तर कश्मीर में बारामूला लोकसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार शनिवार शाम समाप्त हुए। अनंतनाग से पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार महबूबा मुफ्ती ने कहा कि इन हमलों का समय चिंता का कारण है।

# मप्र के पांच मेडिकल कॉलेज में मान्यता का संकट, निर्धारित मानदंडों का पालन नहीं

**भोपाल ( काप्र )।** मध्य प्रदेश के पांच नवीन मेडिकल कॉलेज की मान्यता संकट में है। यह सभी मेडिकल कॉलेज सरकारी है। सिवनी, श्योपुर, नीमच, सिंगरौली और मंदसौर के मेडिकल कॉलेज की मान्यता इस साल खतरे में दिख रही है। इन पांचो कॉलेज में प्रोफेसर एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के 445 पदों पर नियुक्ति होनी थी। लेकिन 160 पदों पर ही नियुक्ति हो पाई है। जिसके कारण मेडिकल कॉलेज की मान्यता मिलना संभव नहीं दिख रहा है।

नीट की परीक्षा हो चुकी है। परीक्षा परिणाम भी जून माह में आ जाएगा। इन पांचों मेडिकल कॉलेज में 750 एमबीबीएस की सीट है। यदि इन कॉलेजों को मान्यता एडमिशन के पहले नहीं मिली, तो छात्र-छात्राओं को बड़ा नुकसान हो सकता है। नेशनल मेडिकल कमीशन की टीम अभी तक इन कॉलेज का निरीक्षण करने नहीं आई है। जिसके कारण असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

# टी वार्ड में हुई चोरी की घटना को लेकर रहवासियों की बैठक संपन्न



**भोपाल ( हिनप्र )।** लक्ष्मणनगर में विवेकानंद सोसायटी के पदाधिकारियों की मीटिंग जयरामदास रूघानी के निवास पर हुई, जिसमें टी वार्ड में हाल ही में हुई चोरियों पर चिंता जताई गई।

कहा गया चोरों का पुलिस पकड़ से दूर होना परेशान करने वाला है। रात के समय पुलिस को सघन गश्त करना चाहिए। टी वार्ड में जिस तरह एक साथ एक ही दिन में तीन घरों में चोरियां हुई हैं, उससे लगता है कोई संगठित गिरोह संतनगर में सक्रिय है।

लक्ष्मण नगर में नगर निगम की साफ सफाई, लाइट की व्यवस्था पर संतोष जताया गया, हालांकि कम प्रेशर से पानी सप्लाई की समस्या रखी गई। बैठक में एमआईसी सदस्य राजेश हिंगारानी, पार्षद अशोक मारण भी मौजूद थे। इनके अलावा सोसायटी के अध्यक्ष बसंत चेलानी, सचिव के. एल. नागदेव एवं रहवासी श्याम रूघानी, प्रकाश बेलानी, मेंघानी, माधव टेकवानी, प्रकाश जयराम रूघानी, डेटाराम चेलानी, हीरा गोलानी, पुरूषोत्तम टिलवानी, अशोक सावनानी, जी.डी. लालवानी, क्रान्ति पंजवानी मौजूद रहे।

# पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक ने किया स्टेशन का दौरा



**भोपाल ( हिनप्र )।** अमृत भारत स्टेशन योजना संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर चल रहे डेव्हलपमेंट का जायजा लेने पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय संतनगर आईं। जहां विकास कार्यों को लेकर रेल अफसरों से चर्चा की, वहीं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बात सुनी।

महाप्रबंधक ने स्टेशन के अंदर जाने से पहले बाहर लगे डेव्हलपमेंट प्लॉन को बारीकी से समझा। डीआरएम भोपाल मंडल ने देवाशीष त्रिपाठी कहा कि मॉडल स्टेशन के प्रोजेक्ट में हम एक ब्रिज भी तैयार कर रहे है, जो सीधे स्टेशन पर आएगा। वहीं महाप्रबंधक ने बताया कि सड़क को भी चौड़ा करने की प्लॉनिंग है, इसमें शासन और सामाजिक स्तर के पदाधिकारियों की मदद भी ली जाएगी।बताया कि 50 साल बाद यात्रियों की संख्या और सुविधा के हिसाब से प्लान बनाया गया है। करोड़ों रूपये से जहां स्टेशन का कायाकल्प किया जाएगा। वहीं स्टेशन पर हर यात्री सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मीडिया के सवालों को जवाब देते हुए शोभना बंदोपाध्याय ने माना स्टेशन तक आने वाला मार्ग बेहद संकरा है। एफओबी का एक सिरा भी स्टेशन तक पहुंचने के लिए विचार किया जा रहा है। चूंकि संत हिरदाराम नगर स्टेशन मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल का तीसरा स्टेशन है, इसलिए इसका विकास भी भोपाल, रानी कमलापति स्टेशन की तरह होगा।

### पंचायत ने सौंपा ज्ञापन रखी यात्रियों की मांगें

यात्री समस्याओं और सुविधाओं को लेकर सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश इसरानी एवं महासचिव सुरेश जसवानी ने रेलवे के जीएम को ज्ञापन सौंपा। पंचायत ने सेकंड एंट्री की मांग रखी। पंचायत ने कहा कि पटरी पार एयरपोर्ट रोड, सीटीओ, दाता कॉलोनी, कैलाश नगर, मथाई नगर सहित आस पास की अनेक कॉलोनियों में निवास करने वाले दो लाख से अधिक नागरिकों के लिए स्टेशन आने के लिए सेकण्ड एंट्री कैम्प नम्बर 12 से विकसित किया जाना चाहिए। कहा दूर करेंगे समस्याएं जनरल मैनेजर एवं डीआरएम ने पंचायत पदाधिकारियों को भरोसा दिलाया कि जो भी प्रस्ताव व सुझाव का प्रस्ताव बनाकर रेलवे बोर्ड को भेजेंगे एवं उन्हें स्वीकृत करवाएंगे।